हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 1 अगस्त 2025

11 बलिदानी उधम सिंह को दी श्रद्धांजलि



12 दिनभर रुक रुककर होती रही बारिश कई...



## खबर संक्षेप

### गांव रोहद से लापता युवक का सुराग नहीं

**बहादुरगढ़।** गांव रोहद से एक युवक लापता हो गया है। कई दिन बीत जाने के बाद भी उसका कुछ अता पता नहीं है। परिजनों ने पुलिस को सूचना देकर तलाश की गुहार लगाई है। पानीपत मूल के अब्दुल का कहना है कि वह रोहद में रहता है और यहां स्थित एक आईस्क्रीम फैक्ट्री में काम करता है। उसका चचेरा भाई आमिर भी उसके साथ काम करता है। गत 25 जुलाई की दोपहर को वह फैक्ट्री से निकला था लेकिन वापस नहीं आया। इसके बाद उसकी तलाश शुरू की। तब से लेकर अब तक तमाम संभावित ठिकानों पर उसको तलाश चुके हैं लेकिन कहीं नहीं मिला। आसौदा थाना पुलिस ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### छारा में खेत से मोटर चोरी, केस दर्ज

**बहादुरगढ़।** ग्रामीण क्षेत्र में किसानों के खेती संबंधित संसाधन चोरों के निशाने पर हैं। कभी सोलर पैनल चोरी हो जाते हैं तो कभी मोटर पर हाथ साफ कर दिया जाता है। छारा में एक और ऐसा ही मामला सामने आया है। यहां अनिल के खेत से सोलर मोटर चोरी की गई है। सुबह जब वह अपने खेत में गया तो वारदात का पता चला। इसके बाद उसने पुलिस को शिकायत दी। आसौदा थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### कंपनी के बाहर से चोर मोटरसाइकिल ले उड़े

**बहादुरगढ़।** इलाके में वाहनों की चोरी नहीं थम रही। आए दिन कहीं न कहीं से वाहन उठाए जा रहे हैं। अब एमआईई में एक कंपनी के बाहर से बाइक उठा ली गई। शिकायतकर्ता दीपक का कहना है कि वह एमआईई पार्ट वन में रहता है। उसने अपनी बाइक कमरे के नजदीक स्थित एक कंपनी के बाहर खड़ी की थी। कुछ समय बाद देखा तो नहीं मिली। कोई अज्ञात शख्स चुरा ले गया है। एमआईई चौकी पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पटेल नगर में फंदे पर लटका मिला प्रवासी

बहादुरगढ़। शहर के पटेल नगर में फांसी लगाने से एक प्रवासी व्यक्ति की मौत हो गई। इसका कारण अभी स्पष्ट नहीं है। सेक्टर-6 थाना पुलिस ने वीरवार की शाम नागरिक अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। मृतक की पहचान बिहार मूल के करीब 30 वर्षीय सोमन के रूप में हुई है। सोमन पटेल नगर में रहता था और मेहनत मजदूरी करता था। बुधवार की रात उसने अपने कमरे में फंदा लगा लिया। वीरवार की सुबह जब उस पर किसी की नजर पड़ी तो इसकी सूचना सेक्टर-6 थाना पुलिस को दी। पुलिस ने आगामी कार्रवाई शुरू की। घटना की सूचना मृतक के परिजनों को दी गई। सोमन तीन बच्चों का पिता था। मानसिक परेशानी से तंग आकर सोमन ने कदम उठाए जाने की आशंका है।

## एचटेट परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न: जिला प्रशासन ने भी राहत की सांस ली, मुस्तैद दिखे पुलिस जवान

*लेवल वन परीक्षा में 3183 में से 2617 ने दी परीक्षा 566 रहे अनुपस्थित*

# लेवल टू परीक्षाः 6931 परीक्षार्थियों में से 5938 ने दी परीक्षा, 993 अनुपस्थित

- परीक्षार्थियों का उत्साह बारिश में भी कम नहीं हुआ
- गहन तलाशी लेने के बाद परीक्षा केंद्रों में प्रवेश मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित एचटेट परीक्षा वीरवार को शांतिपूर्वक संपन्न हो गई। जिसके कारण प्रशासन ने भी राहत की सांस ली।

वीरवार दिन भर बारिश के बावजूद परीक्षार्थियों का उत्साह कम नहीं हुआ और काफी संख्या में परीक्षार्थी परीक्षा देने पहुंचे। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच गहन तलाशी लेने के बाद परीक्षार्थियों ने परीक्षा केंद्रों में प्रवेश किया। डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने बताया कि लेवल टू परीक्षा में 6931 परीक्षार्थियों में से 5938 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी, जबकि 993 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहें। वहीं लेवल वन परीक्षा में 3183 परीक्षार्थियों में से 2617 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी और 566 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

### आठ फ्लाइंग टीमें गठित

जिला शिक्षा अधिकारी राजेश खन्ना ने बताया कि परीक्षा को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा आठ फ्लाइंग टीमों का गठन किया गया।

गठित टीमों के सदस्यों ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर पहुंच कर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्थिति शांतिपूर्ण रही। गठित टीमों में डीसी फ्लाइंग, चेयरमैन स्पेशल फ्लाइंग, एसडीएम झज्जर फ्लाइंग, एसडीएम बहादुरगढ़ फ्लाइंग, डीईओ फ्लाइंग, क्वेश्चन पेपर फ्लाइंग झज्जर, क्वेश्चन पेपर फ्लाइंग बहादुरगढ़ व आरएएफ झज्जर की फ्लाइंग टीम शामिल रही।



झज्जर। बारिश के बीच परीक्षा केंद्र के बाहर खड़े परीक्षार्थी और दस्तावेजों की जांच करते पुलिसकर्मी। फोटो : हरिभूमि

### परीक्षा केंद्र वाइज डिटेल वाइज डिटेल




झज्जर। परीक्षा केंद्र के बाहर गुरुवार को खड़े परीक्षार्थी और सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मी। सुरक्षा व्यवस्था पुरी तरह से चाकचौबंद रही

जिला शिक्षा अधिकारी राजेश खन्ना ने बताया कि वीरवार को एचटेट लेवल वन व लेवल टू की परीक्षा का आयोजन किया गया। झज्जर क्षेत्र में लेवल वन की परीक्षा के दौरान 3183 अभ्यर्थियों में से 2617 अभ्यर्थियों परीक्षा देने पहुंचे जबकि 566 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। एब्लेज स्कूल फोर्टपुरा में 312 में से 255 परीक्षार्थी उपस्थित रहे जबकि 57 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। दीपचंद स्कूल गुढ़ा में 312 में से 239 परीक्षार्थी, एसआरके राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल में 312 में से 222 परीक्षार्थी, एचआर ग्रीन फील्ड स्कूल में 312 में से 258 परीक्षार्थी, इंडो अमेरिकन स्कूल में 312 में से 271 परीक्षार्थी, केएसएम पब्लिक स्कूल में 312 में से 262 परीक्षार्थी, एलए स्कूल में 312 में से 268 परीक्षार्थी, महाराजा अग्रसेन महिला महाविद्यालय में 312 में से 266 परीक्षार्थी, आरईडी स्कूल तलाव रोड में 312 में से 259 परीक्षार्थी, राजकीय बहुतकनीकी संस्थान में 260 में से 207 परीक्षार्थी, करण सीनियर सैकेंडरी स्कूल में 115 में से मात्र 88 परीक्षार्थी परीक्षा देने पहुंचे। उधर, लेवल टू की परीक्षा के दौरान एब्लेज स्कूल फोर्टपुरा में 312 में से 266 परीक्षार्थी, दीपचंद स्कूल गुढ़ा में 312 में से 264 परीक्षार्थी, एसआरके राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल में 312 में से 250 परीक्षार्थी, एचआर ग्रीन फील्ड स्कूल में 312 में से 265 परीक्षार्थी, इंडो अमेरिकन स्कूल में 312 में से 265 परीक्षार्थी, केएसएम पब्लिक स्कूल में 312 में से 267 परीक्षार्थी, एलए स्कूल में 312 में से 263 परीक्षार्थी, महाराजा अग्रसेन महिला महाविद्यालय में 312 में से 264 परीक्षार्थी, आरईडी स्कूल तलाव रोड में 312 में से 252 परीक्षार्थी, राजकीय बहुतकनीकी संस्थान में 288 में से 241 परीक्षार्थी, करण सीनियर सैकेंडरी स्कूल में 240 में से मात्र 207 परीक्षार्थी परीक्षा देने पहुंचे।

### एडमिट कार्ड जांच



## बहादुरगढ़ में शांतिपूर्वक संपन्न परीक्षा

**बहादुरगढ़।** हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा सफलतापूर्वक संपन्न हो गई। वीरवार को लेवल-2 की परीक्षा आयोजित की गई, जिसके लिए शहर में कुल 12 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। परीक्षा में कुल 3595 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था, हालांकि इनमें से कुछ अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल नहीं हो सके। सभी परीक्षा केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था देखी गई। परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे और वीडियोग्राफी की मदद से लगातार निगरानी रखी गई, ताकि पारदर्शिता बनी रहे। परीक्षार्थियों को केंद्र में प्रवेश देने से पहले सख्त जांच प्रक्रिया अपनाई गई। किसी भी अभ्यर्थी को बिना सत्यापन के प्रवेश नहीं मिला। केंद्रों के बाहर पुलिस बल तैनात रहा, ताकि किसी तरह की गड़बड़ी या भीड़भाड़ न हो। आमजन को परीक्षा केंद्रों के पास फटकने तक नहीं दिया गया। परीक्षा के दौरान प्रशासनिक स्तर पर भी निगरानी रखी गई। एसडीएम नसीब कुमार समेत अन्य प्रशासनिक अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों का लगातार दौरा किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने केंद्र प्रमुखों से भी बातचीत कर सुरक्षा, बैठने की व्यवस्था एवं अन्य व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली।

### परीक्षार्थियों की चेकिंग करती पुलिसकर्मी



## इलाके में चोरों के हौसले बुलंद

# साढ़े तीन साल पहले भी हुई वारदात, आज भी अनसुलझी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

इलाके में चोरों के हौसले बुलंद हैं। बहादुरगढ़ में कई ऐसे मौके आए जब पुलिस की नाक के नीचे यानी थाने, चौकी के बिलकुल आसपास ही चोरों ने वारदात को अंजाम दे दिया। वीरवार की दोपहर हुई वारदात में बेशक आभूषण लुटने से बच गए लेकिन इस दुकान के ठीक साथ सटी आभूषणों की दुकान में भी साढ़े तीन साल पहले वारदात हुई थी।

दरअसल, धर्मपुरा के निवासी ओमप्रकाश की यहां रोहतक दिल्ली रोड पर आभूषणों की दुकान है। गत जनवरी 2022 में दीवार में सेंध लगाकर उनकी दुकान से करीब 40 लाख रुपये के आभूषणों की चोरी हो गई थी। वह वारदात आज तक अनसुलझी है। वहीं कुछ दिन पहले ही यहां सिटी थाने से सटे नगर परिषद कार्यालय परिसर में लगे कई एसी की कॉपर पाइप व वायर काटी गई। इसी तरह एमआईई चौकी के पास कार शोरूम में चोरी हो चुकी है।

- पुलिस थाने के आसपास पहले भी होती रही हैं वारदात

### एक थाने के अंदर से तो बाइक भी चोरी हो गई थी

एक थाने के अंदर से तो बाइक भी चोरी हो गई थी। वहीं एक बार सेक्टर 9 चौकी से कुछ कदम की दूरी पर एटीएम बूथ को निशाना बनाया गया था। लोगों का कहना है कि चोर लगातार वारदात कर रहे हैं। उनमें पुलिस का भय खत्म हो रहा है।

*सिटी थाने से कुछ ही दूरी पर ज्वेलरी शॉप में चाकू के बल पर वारदात*

चाकू के बल पर बैग में डाले आभूषण, आसपड़ोसियों से झड़प के दौरान बैग छोड़ भागा

# बहादुरगढ़ के सिटी थाने से कुछ ही दूरी पर ज्वेलरी शॉप में चाकू के बल पर वारदात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

शहर में दिन दहाड़े बड़ी वारदात हो गई। यहां सिटी थाने से कुछ ही कदमों की दूरी पर एक ज्वेलरी शॉप पर बदमाश ने चाकू के बल पर लूटपाट की। आसपड़ोस के लोगों ने पीछा किया तो वह कुछ दूरी पर आभूषणों से भरा बैग छोड़ भागा। पुलिस की नाक के नीचे हुई इस वारदात से जाहिर है कि बदमाशों में कानून का बिलुकल भय नहीं है। वहीं, सिटी थाना पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है। मामला वीरवार की दोपहर का है। दरअसल, शहर के निवासी रामनिवास की यहां सिटी थाने से कुछ दूरी पर पुराने डाकघर के सामने सूरजभान रामनिवास ज्वैलर्स नाम से दुकान है। दोपहर को यहां एक युवक बैग लेकर आया। इस दौरान दुकान में मालिक रामनिवास व कारीगर था। युवक ने दुकानदार से अंगूठी दिखाने को कहा। अंगूठी पर बात नहीं बनी तो टॉपस दिखाए, जिस पर सौदा तय हो गया। इसी दौरान युवक ने एटीएम कार्ड निकालने के बहाने बैग से चाकू निकाला और दुकान में मौजूद कारीगर को मारने का प्रयास किया। हमले में कारीगर बाल बाल बच गया। इसके बाद बदमाश ने दुकान मालिक रामनिवास को चाकू के निशाने पर ले लिया और आभूषण निकालने को कहा। फिर सोने की पॉलिश चढ़े चांदी के आभूषण बैग में डाल लिए। वह बैग लेकर वहां से भागने लगा। तभी कारीगर ने बाहर निकलकर पड़ोसी दुकानदारों को मामले से अवगत कराया तो उन्होंने बदमाश का पीछा किया। बराही रोड पर बदमाश को पकड़ा भी गया लेकिन वह चाकू दिखाकर भाग निकला। झड़प में उसका बैग छूट गया। इस तरह से आभूषण तो लुटने से बच गए लेकिन दिन दहाड़े हुई इस वारदात ने आसपास के दुकानदारों को भी हैरत में डाल दिया है। यह वारदात दुकान में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। लगभग दो मिनट तक दुकान मालिक ने हिम्मत दिखाते हुए बदमाश के साथ संघर्ष किया। इस दौरान बदमाश ने उनको मारने के लिए कई बार चाकू दिखाया।



**बहादुरगढ़।** मौके पर जांच करने पहुंच पुलिस और फुटेज में दिखाई दे रहा बदमाश।

### स्वर्णकारों में नाराजगी

वारदात के बाद से स्वर्णकारों में नाराजगी है। उनका कहना है कि बहादुरगढ़ में इस तरह की कई बार वारदात हो चुकी हैं। सिटी थाना प्रभारी दिनकर सिंह का कहना है कि सूचना मिलते ही मौके पर पहुंच गए थे। मामले में जांच शुरू कर दी है। जल्द से जल्द वारदात सुलझाने की कोशिश रहेगी।

## जिम में कसरत को लेकर हुए विवाद में युवक को बुरी तरह से पीटा

**बहादुरगढ़।** जिम में कसरत करते वक्त दो युवकों में विवाद गहरा गया। विवाद इतना बढ़ा कि दर्जनभर हमलावरों ने एक युवक की बुरी तरह से पिटाई कर दी। युवक को पीजीआई रोहतक रेफर करने की नौबत आ गई। इस संबंध में पीड़ित की ओर से पुलिस को शिकायत दे दी गई है। जांच के बाद आरोपों और मामले की असल हकीकत सामने आ पाएगी। घायल की पहचान हर्ष के रूप में हुई है। हर्ष का कहना है कि वह बाईपास पर स्थित एक हाउसिंग सोसाइटी में मौजूद जिम में अभ्यास करने जाता है। बुधवार की सुबह भी जिम में कसरत कर रहा था। इस दौरान एक युवक के साथ कसरत को लेकर कहासुनी हो गई। इसी बात पर वह युवक और उसका भाई मुझे गाली गलोच करते हुए धमकी देने लगे। जब जिम से बाहर निकला तो वहो स्कार्पियो, फॉरच्यूनर गाड़ी में वे दोनों लड़के व उनके दर्जनभर साथी खड़े थे। इस दौरान उन दोनों भाइयों ने फिर गाली गलोच की और झगड़ा शुरू कर दिया। फिर उनके साथियों ने भी बुरी तरह से मारपीट की। भीड़ जुटने लगी तो वे धमकी देकर भाग गए। हमले में मुझे काफी चोट आई। परिजनों ने अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से पीजीआई रोहतक के लिए रेफर किया गया।

### हमलावर भाइयों की पहचान

उधर, सूचना पाकर सदर थाने से पुलिस अस्पताल में पहुंची और घायल के बयान लिए। बयान के बाद केस दर्ज करने की कार्रवाई शुरू की। पुलिस के मुताबिक, दोनों हमलावर भाइयों की पहचान हो चुकी है। जांच की जा रही है।

- अखिल भारतीय सामान्य वर्ग की अधिकतम कट ऑफ 84 .5 और न्यूनतम 79 .3 प्रतिशत रही

# स्नातकोत्तर कक्षाओं की मेरिट लिस्ट जारी अब चार अगस्त तक भरी जा सकेगी फीस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

वीरवार को उच्चतर शिक्षा विभाग ने विभिन्न कॉलेजों की एमए, एमएससी, एमकॉम आदि स्नातकोत्तर कक्षाओं की मेरिट लिस्ट जारी कर दी। इस लिस्ट में जिन विद्यार्थियों का नाम आया है, वे आगामी चार अगस्त तक ऑनलाइन फीस भरकर दाखिला ले सकते हैं।

राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू कॉलेज के मीडिया प्रभारी डॉक्टर अमित भारद्वाज ने बताया कि एमए अंग्रेजी के लिए 28 विद्यार्थियों की सूची जारी हुई। अखिल भारतीय सामान्य वर्ग की अधिकतम कट ऑफ 84.5 प्रतिशत और न्यूनतम 79.3 प्रतिशत रही। हरियाणा सामान्य वर्ग की अधिकतम कट ऑफ 78.7 प्रतिशत और न्यूनतम 72.4 प्रतिशत रही। एमए हिंदी के लिए भी 27 विद्यार्थियों की सूची जारी हुई। अखिल भारतीय सामान्य वर्ग की अधिकतम कट ऑफ 73.2 प्रतिशत और न्यूनतम 72.3 प्रतिशत रही। हरियाणा सामान्य वर्ग की अधिकतम कट ऑफ 70.8 प्रतिशत और न्यूनतम 58.2 प्रतिशत रही। एमए पत्रकारिता एवं जनसंचार के लिए 13 विद्यार्थियों की सूची जारी हुई। अखिल भारतीय सामान्य वर्ग की अधिकतम कट ऑफ 78.6 प्रतिशत और न्यूनतम 67.4 प्रतिशत रही। हरियाणा सामान्य वर्ग की अधिकतम कट ऑफ 65.8 प्रतिशत और न्यूनतम 50 प्रतिशत रही। वहीं एमए मनोविज्ञान के लिए 18 विद्यार्थियों की सूची जारी हुई। अखिल भारतीय सामान्य वर्ग की अधिकतम कट ऑफ 82.9 प्रतिशत और न्यूनतम 66.9 प्रतिशत रही। हरियाणा सामान्य वर्ग की अधिकतम कट ऑफ 65 प्रतिशत और न्यूनतम 53.5 प्रतिशत रही। एमए भूगोल के लिए 22 विद्यार्थियों की सूची जारी हुई। अखिल भारतीय सामान्य वर्ग की अधिकतम कट ऑफ 73.11 प्रतिशत और न्यूनतम 69.7 प्रतिशत रही। हरियाणा सामान्य वर्ग की अधिकतम कट ऑफ 68.4 प्रतिशत और न्यूनतम 54.2 प्रतिशत रही। इसके अलावा एमकॉम के लिए 21 विद्यार्थियों की सूची जारी हुई। अखिल भारतीय सामान्य वर्ग की अधिकतम कट ऑफ 77.2 प्रतिशत और न्यूनतम 55.2 प्रतिशत रही। हरियाणा सामान्य वर्ग की अधिकतम कट ऑफ 54.7 प्रतिशत और न्यूनतम 51.08 प्रतिशत रही।

उधर, एमएससी कंप्यूटर विज्ञान के लिए 21 विद्यार्थियों की सूची जारी हुई। अखिल भारतीय सामान्य वर्ग की अधिकतम कट ऑफ 79.9 प्रतिशत और न्यूनतम 75.7 प्रतिशत रही। हरियाणा सामान्य वर्ग की अधिकतम कट ऑफ 70.3 प्रतिशत और न्यूनतम 58.4 प्रतिशत रही। एमएससी गणित के लिए 20 विद्यार्थियों की सूची जारी हुई। अखिल भारतीय सामान्य वर्ग की अधिकतम कट ऑफ 80.4 प्रतिशत और न्यूनतम 71.4 प्रतिशत रही। हरियाणा सामान्य वर्ग की अधिकतम कट ऑफ 70.7 प्रतिशत और न्यूनतम 55.8 प्रतिशत रही।

### फीस भरने के बाद दस्तावेजों की जांच करवाना जरूरीः डॉक्टर अमित

भारद्वाज ने बताया कि फीस भरने के बाद कॉलेज में अपने दस्तावेजों की जांच करवाना भी जरूरी है। ओपन काउंसलिंग पांच अगस्त से शुरू होगी और छह अगस्त से नए आवेदनों के लिए भी वेब पोर्टल खुलेगा। छह अगस्त से 12 अगस्त तक 100 रुपये लेट फीस के साथ ओपन काउंसलिंग जारी रहेगी। इसके बाद 13 अगस्त से 19 अगस्त तक 100 रुपये प्रतिदिन अतिरिक्त लेट फीस लगेगी।



झज्जर। डॉक्टर अमित भारद्वाज, मीडिया प्रभारी।

## खबर संक्षेप

### पार्ट टाइम जॉब के नाम पर लाखों की ठगी मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** साइबर थाना पुलिस ने गत वर्ष दिसंबर माह में पार्ट टाइम जॉब के नाम पर लाखों रुपये की ठगी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया। गत वर्ष 31 दिसंबर को साइबर थाना पुलिस को दर्ज शिकायत में एक सोसायटी निवासी सुरेश चंद्र जोशी ने बताया था कि उसने 26 दिसंबर 2024 को फेसबुक पर एक विज्ञापन देखा था, जिसमें पार्ट टाइम जॉब से पैसा कमाने की बात कही गई थी। उस पर दिए गए नंबर के आधार पर वह टेलीग्राम ग्रुप से जुड़ गया। उसे कुछ टास्क दिया गया, जिसे पूरा करने के बदले पैसे दिए गए। इसके बाद ज्यादा पैसा कमाने के लिए 4500 रुपये इन्वेस्ट करने को कहा गया।

### सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई

# चरमराई बिजली व्यवस्था को लेकर ग्वालिसन गांव के लोगों ने लगाया जाम

■ करीब डेढ़ घंटे बाद बिजली व्यवस्था सुचारू होने के बाद ग्रामीणों ने जाम खोला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

दिन भर बंद रही बिजली सप्लाई से परेशान ग्वालिसन गांव के ग्रामीणों ने बुधवार की रात जाम लगा दिया। ग्रामीण रात करीब दस बजे झज्जर-छुछकवास मार्ग पर एकत्रित हुए और जाम लगा दिया। जिसके कारण यातायात बाधित हो गया और सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई। बाद में जाम की सूचना मिलने पर पुलिस और बिजली निगम के अधिकारी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया। लेकिन ग्रामीण बिजली सप्लाई सुचारू नहीं होने तक जाम नहीं खोलने पर अड़े रहे। करीब डेढ़ घंटे बाद बिजली व्यवस्था सुचारू होने के बाद ग्रामीणों ने जाम खोला। ग्रामीणों का कहना रहा कि उनके गांव में पूरे दिन लाइट गुल रही। बिजली निगम अधिकारियों को समस्या से अवगत कराने के बावजूद किसी भी निगम अधिकारी या कर्मचारी ने उनकी सुध ली। मजबूरन उन्हें जाम लगाने का कदम उठाना पड़ा। जाम लगने के दौरान वाहनों की भी लंबी कतारें लग गई। ऐसे में कुछ वाहन चालकों को जहां अपना रास्ता डाइवर्ट करना पड़ा वहीं कुछ जाम खुलने की राह देखते रहे। देर रात जाम खुलने के बाद पुलिस द्वारा रास्ता सुचारू कराया गया। बिजली व्यवस्था सुचारू होने के बाद ग्रामीण भी अपने घरों को लौट गए।



झज्जर। ग्वालिसन मार्ग पर लगा जाम के कारण लगी वाहनों की कतारें।




झज्जर। प्रतियोगिता के दौरान पदक लेते हुए होनहार खिलाड़ी। फोटो :हरिभूमि

## बिल्ड-अप मुक्केबाजी प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने जीते पांच पदक

**झज्जर।** हुई द्वितीय बिल्ड-अप मुक्केबाजी प्रतियोगिता में जिले के महर्षि दयानंद खेल स्टेडियम के मुक्केबाजों ने पांच पदक हासिल कर जिले का नाम रोशन किया है। बॉक्सिंग कोच हितेश देशवाल ने बताया कि 28 जुलाई से 31 जुलाई तक रोहतक के एनबीए में आयोजित प्रतियोगिता में खिलाड़ी आकाश व सागर नारा ने स्वर्ण पदक जबकि युवराज नागल, सागर व सागर जाखड़ ने कांस्य पदक हासिल किया। हितेश देशवाल ने बताया कि खिलाड़ियों ने कठिन परिश्रम और समर्पण से यह सफलता हासिल की है। उनका अगला लक्ष्य राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर जिले को गौरवावित करना है।



झज्जर। तिरंगे के साथ सांस्कृतिक प्रस्तुति देते हुए छात्राएं। फोटो :हरिभूमि

## श्रद्धा के साथ किया उधम सिंह को याद

■ हमें उनके साहस, देशभक्ति और बलिदान से प्रेरणा लेनी चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

डीएच लारेंस कॉलेज ऑफ एजूकेशन फॉर वूमेन में वीरवार को महान स्वतंत्रता सेनानी शहीद उधम सिंह की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। श्रद्धांजलि सभा में शिक्षकों व छात्राओं ने उनके बलिदान को याद करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किए। महाविद्यालय की प्राचार्या संतोष खासा ने कहा कि उधम सिंह ने जलियावाला बाग हत्याकांड का बदला लेकर भारत की स्वतंत्रता की लड़ाई को नई दिशा दी। हमें उनके साहस, देशभक्ति और बलिदान से प्रेरणा लेनी चाहिए। इसके दौरान छात्राओं ने गीत, भाषण व नाटक के माध्यम से भी अमर शहीद उधम सिंह के जीवन पर प्रकाश डाला।

## बलिदानी उधम सिंह को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

दिल्ली-रोहतक रोड स्थित भाजपा नेता एवं पूर्व चेयरमैन कर्मवीर राठी के कार्यालय पर शहीद उधम सिंह की पुण्यतिथि के अवसर पर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। पूर्व चेयरमैन कर्मवीर राठी सहित कई कार्यकर्ताओं ने शहीद उधम सिंह के बलिदान को याद करते हुए उन्हें नमन किया। राठी ने कहा कि शहीद उधम सिंह ने जलियांवाला बाग हत्याकांड के दोषी जनरल माइकल ओ डायर को लंदन में जाकर मौत के घाट उतारकर उस दर्दनाक घटना का बदला लिया था। चेयरपर्सन प्रतिनिधि रमेश राठी ने भी विचार रखे। सरपंच जितेंद्र काला, हरिकृपा, विक्रम महेश्वरी, मनमोहित गुप्ता, जगबीर रुहिल, नरेंद्र लठवाल, हिमांशु, अश्वनी, भीषणपाल दलाल, संजय राठी, महेंद्र राठी, विनोद, केशव, सुरेश आदि इस मौके पर मौजूद रहे।



बहादुरगढ़। शहीद उधम सिंह को नमन करते हुए पूर्व चेयरमैन कर्मवीर राठी व अन्य।



बहादुरगढ़। शहीद उधम सिंह को नमन करते कौशिक व अन्य। फोटो :हरिभूमि

## बलिदानी उधम सिंह को किया नमन

■ नरेश कौशिक ने युवाओं से शहीद उधम सिंह के दिखाए रास्ते पर चलने का आह्वान किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

गांव गुभाना के लोकहित पुस्तकालय में लोकहित समिति द्वारा शहीद उधम सिंह की पुण्यतिथि पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। समिति अध्यक्ष नरेश कौशिक ने युवाओं से शहीद उधम सिंह के दिखाए रास्ते पर चलने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि शहीद उधम सिंह जैसे महान क्रांतिकारियों की बदौलत आज हम आजादी की खुली हवा में सांस ले रहे हैं। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में सूबेदार मेजर सुरेश कुमार, पहलवान रामकुमार, सुदेश कौशिक, सतबीर, हरिओम, फूल कुमार आदि उपस्थित रहे।

# रोडरेज की घटनाओं में चार लोग घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली में रोडरेज की अलग-अलग घटनाओं में चार लोग बुरी तरह से घायल हो गए। पहले मामले में, द्वारका सेक्टर-10 में कार का हॉर्न बजाकर वेटर को बुलाने से नाराज कुछ लोगों ने दो युवकों पर हमला कर दिया। कथित तौर पर दोनों पीड़ितों पर आधा दर्जन से ज्यादा लोगों ने बीयर की बोतलों और पत्थरों से हमला किया।

पुलिस के अनुसार यह घटना 27 जुलाई को देर रात करीब 2.30 बजे हुई, जब छावला गांव के रहने वाले और रोहिणी अदालत में कार्यरत मनोज अपने दोस्तों कुणाल और नागेंद्र के साथ खाना लेने के लिए इलाके में स्थित एक होटल पर गए थे। कार चला रहे मनोज ने वेटर को बुलाने के लिए हॉर्न बजाया, जिससे वहां पहले से खड़ी एक थार और बीएमडब्ल्यू कार के पास खड़े कुछ लोग नाराज हो गए। प्राथमिकी में कहा गया कि थार गाड़ी के पास खड़े एक आदमी को हॉर्न बजाना बुरा लगा और उसने हमें गालियां देनी शुरू कर दी। इससे पहले कि हम कुछ कर पाते, बीएमडब्ल्यू और थार से सात-आठ आदमी उतर आए और मुझे पीटने लगे। जब कुणाल ने बीच-बचाव करने की कोशिश की तो उसे भी घसीटा गया और पीटा गया। हमलावरों ने कथित तौर पर पत्थरों और बीयर की बोतलों से हमला किया, जिससे कार के शीशे टूट गए और दोनों युवक घायल हो गए। किसी राहगीर ने पुलिस को घटना की सूचना दी, जिसके बाद आरोपी अपनी गाड़ियों के साथ घटनास्थल से फरार हो गए। घटना में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हुये हैं। उन्हें एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामले की जांच जारी है।

दूसरी घटना दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के मुनिरका क्षेत्र में 25 जुलाई को दोपहर के समय सामने आई। घटना में एक व्यक्ति को कथित तौर पर कुछ लोगों के समूह द्वारा तब तक पीटा गया, जब तक कि वह बेहोश नहीं हो गया। उसकी पिटाई इसलिए की गयी क्योंकि वह हॉर्न की आवाज सुनकर रास्ते से जल्दी नहीं हटा था। पुलिस के अनुसार, मुनिरका गांव निवासी अवधेश राय अपने बेटे को स्कूल छोड़ने के बाद घर लौट रहे थे। दुपहिया वाहन पर सवार एक व्यक्ति ने बाबू लाल चौक के समीप उसके पीछे से हॉर्न बजाना शुरू कर दिया। राय ने उससे कहा कि वह अभी आगे बढ़ रहा है, लेकिन इसके बावजूद आरोपी व्यक्ति हॉर्न बजाता रहा और उससे गाली गलौज करने लगा। उसके पीछे एक महिला भी बैठी हुई थी। जब राय ने इसका विरोध किया तो आरोपी अपने वाहन से उतरकर मारपीट शुरू कर दी। इसके बाद आरोपी ने कथित तौर पर अपने साथियों को बुला लिया, जो लाठी-डंडे के साथ वहां पहुंचे। उन्होंने सड़क पर राय को बुरी तरह पीटा। प्रारंभिक जांच के बाद किशनगढ़ थाने में 28 जुलाई को मामला दर्ज किया गया।

## 100 करोड़ की धोखाधड़ी में शामिल रैकेट का पर्दाफाश, चार अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



क्राइम ब्रांच ने 100 करोड़ की साइबर धोखाधड़ी के मास्टरमाइंड समेत चार लोगों को पकड़ा है। पैन इंडिया लेवल की यह ठगी की जा रही थी। आरोपियों के पास से सात महंगे मोबाइल फोन बरामद हुये हैं। अभी तक की जांच में आरोपी पूरे भारत में कुल 34 एफआईआर या शिकायतों से लिंक हो गये हैं। डीसीपी आदित्य गौतम के अनुसार क्राइम ब्रांच की साइबर सेल ने एक सुसंगठित अंतरराज्यीय साइबर वित्तीय धोखाधड़ी गिरोह का भंडाफोड़ किया है और एक उच्च-मूल्य निवेश घोटाले में शामिल चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी नकली ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से कई राज्यों के लोगों से लगभग 100 करोड़ की ठगी कर चुके थे। एक व्यवसायी की शिकायत पर पुलिस ने जांच शुरू की थी। शिकायतकर्ता को एक फर्जी ऑनलाइन निवेश वेबसाइट fxprovip.com के माध्यम से 48.35 लाख की ठगी का शिकार बनाया गया था। शिकायतकर्ता से शुरुआत में एक महिला ने फेसबुक मैसेंजर के जरिए संपर्क किया था। बाद में व्हाट्सएप पर बातचीत करके उसे निवेश के लिए प्रेरित किया गया था। जांच के दौरान पुलिस ने लुधियाना, पंजाब से सनी मिश्रा (22), कुलदीप कुमार (25), गौरव (20) और सुमित प्रधान (27) को पकड़ा।

## सड़क पर तनातनी में व्यक्ति पर गोली चलाने के आरोप में दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



मध्य दिल्ली के अजमेरी गेट क्षेत्र में रोड रेज की एक घटना के सिलसिले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें से एक आरोपी ने कहासुनी के दौरान मोटरसाइकिल सवार युवक पर कथित तौर पर गोली चला दी थी। पुलिस ने कहा कि यह घटना 25 जुलाई को मोहल्ला निहारियां चौक के पास हुई जब पीड़ित अपनी पत्नी और बच्चों के साथ मोटरसाइकिल से जा रहा था। शिकायतकर्ता को एक सफेद स्कूटर पर सवार दो लोगों ने रोका था।डीसीपी निधिन वलसन के अनुसार पीड़ित की पत्नी ने 'ओवरटेक' करते समय हॉर्न नहीं बजाने को लेकर दोनों से सवाल किया, जिसके बाद कहासुनी शुरू हो गई। झड़प के दौरान पीछे बैठे व्यक्ति ने कथित तौर पर पिस्तौल लहराई और मौके से भागने से पहले गोली चला दी। पुलिस ने बताया कि भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) और शस्त्र अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि सीसीटीवी फुटेज और स्थानीय खुफिया जानकारी के आधार पर उत्तर-पूर्वी दिल्ली के ब्रह्मपुरी निवासी मोहम्मद अमान उर्फ तोता और नोमान नामक दो संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया। डीसीपी ने बताया कि नोमान के पास से एक पिस्तौल बरामद की गई, जबकि अपराध में इस्तेमाल किया गया स्कूटर मोहम्मद अमान के पास से जब्त किया गया। अधिकारी ने बताया कि घटनास्थल से एक खोखा और एक गोली का सिरा भी बरामद किया गया था।

# बिजली का करंट लगने से भाई-बहन की मौत, पिता अस्पताल में भर्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



बेगमपुर इलाके में घर में बिजली का करंट लगने से एक युवक और उसकी बहन की मौत हो गई। घटना में इनका पिता भी करंट की चपेट में आया है। बुजुर्ग पिता को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतकों के नाम वेल्डिंग का काम करने वाले विवेक (26) और उसकी बहन अंजू (28) बताये गये हैं। पिता का नाम कालीचरण (65) है।

पुलिस के अनुसार अंजू की तीन महीने पहले ही शादी हुई थी। बेगमपुर थाने में बुधवार रात 10 बजकर 56 मिनट पर पीसीआर के जरिये सूचना मिली। खुद को पीड़ितों का पड़ोसी बताते हुए फोन करने वाले अभिषेक ने कहा कि यहां लाइट कटवा दो, तीन आदमी चिपके हुए हैं। पुलिस की एक टीम घटनास्थल पर पहुंची। कॉलर ने बताया कि स्थानीय लोगों ने बिजली से झुलसे तीनों लोगों को अग्रसेन अस्पताल में भर्ती कराया है। डीसीपी राजीव रंजन के अनुसार क्राइम टीम और 'नॉर्थ दिल्ली पावर लिमिटेड' के अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि 50 वर्ग गज के भूखंड पर बने इस घर में बिजली के तार खुले और असुरक्षित तरीके से लगाए गए थे। सीढ़ियों पर लगी लोहे की ग्रिल के चारों ओर तार लपेटे गए थे। रात करीब 10 बजे विवेक सीढ़ियों से ऊपर जा रहा था, तभी वह बिजली के तारों से छूते लोहे के एक दरवाजे के संपर्क में आ गया और उसे करंट लग गया। विवेक की चीख-पुकार सुनकर उसके पिता कालीचरण मदद के लिए दौड़े और वह भी करंट की चपेट में आ गए। उन्होंने बताया कि घर में मौजूद अंजू ने उन्हें बचाने की कोशिश की, लेकिन वह भी करंट की चपेट में आ गई। कालीचरण की हालत गंभीर बताई गई है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए संजय गांधी अस्पताल भेजा गया है।

### 11 जिलों में 55 जगहों पर एक साथ होगा मॉकड्रिल का आयोजन

**नई दिल्ली।** दिल्ली में आज गुरुवार सुबह 9 बजे भूकंप और औद्योगिक रासायनिक खतरों जैसी बड़ी आपदाओं से निपटने और प्रतिक्रिया तंत्र को जांचने के उद्देश्य से दिल्ली-एनसीआर में राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के निर्देश पर 'अभ्यास सुरक्षा चक्र' मॉक डिल का आयोजन किया जा रहा है। यह पहली बार होगा कि राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए), भारतीय सेना, दिल्ली सरकार एक साथ मॉकड्रिल कर रही हैं। इस मॉकड्रिल के लिए दिल्ली सरकार ने 55 जगहों पर नोडल अधिकारी नियुक्त किए हैं। जिनके नेतृत्व में यह मॉकड्रिल का आयोजन होगा। डीडीएमए दिल्ली के 11 जिलों में 55 जगहों यह अभ्यास चलाया जाएगा। यह बहु-राज्यीय, बहु-एजेंसी अभ्यास दिल्ली-एनसीआर में अब तक आयोजित सबसे बड़े तैयारी अभ्यासों में से एक है और इसका उद्देश्य भूकंप और औद्योगिक रासायनिक खतरों जैसी बड़ी आपदाओं के लिए समन्वय और प्रतिक्रिया तंत्र को मजबूत करना है।

# युवक की चाकू मारकर हत्या नाबालिग समेत चार दबोचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



पूर्वी दिल्ली के गाजीपुर इलाके में मोमोज विक्रेता से विवाद के बाद 28 वर्षीय युवक की कथित तौर पर चाकू मारकर हत्या कर दी गई, जबकि उसका दोस्त घायल हो गया। पुलिस ने घटना के सिलसिले में एक किशोर समेत चार आरोपियों को पकड़ा गया है।

पुलिस के अनुसार बुधवार रात एक जन्मदिन समारोह के दौरान युवक विकास वालेचा ने अपने दोस्तों को मोमोज विक्रेता सलमान के साथ हुई हालिया बहस के बारे में बताया। फिर उन्होंने उससे भिड़ने का फैसला किया। डीसीपी अभिषेक धानिया के अनुसार बुधवार रात करीब 10.30 बजे वे तीन गाड़ियों में गाजीपुर में सीएनजी पंप के पास पेपर मार्केट गए। उन्होंने शराब की एक दुकान के पास सलमान को देखा और उससे भिड़ गए। सलमान ने इस दौरान अपने साथियों को बुला लिया और झड़प के बीच वालेचा को चाकू मार दिया गया, जबकि उसके दोस्त सुमित शर्मा का पैर टूट गया। विकास और सुमित दोनों नोएडा के सेक्टर 5 स्थित एक निजी कंपनी में काम करते थे। फरीदाबाद के एनआईटी सेक्टर 5 निवासी विकास को एलबीएस अस्पताल में मृत घोषित कर दिया गया जबकि शर्मा का इलाज जारी है। घायल की शिकायत के आधार पर गाजीपुर थाने में मामला दर्ज किया गया है। मामले में चार लोगों को पकड़ा गया है। गिरफ्तार तीन आरोपियों की पहचान सलमान (24), आजाद मिश्रा (31) और मोनू मिश्रा (28) के रूप में हुई है। सभी गाजियाबाद के खोड़ा कॉलोनी के र हने वाले हैं। इनके अलावा पकड़ा गया चौथा आरोपी 13 वर्षीय किशोर है। आरोपियों के कब्जे से हमले में इस्तेमाल किया गया एक चाकू और लोहे की रॉड बरामद कर ली गई है। हमले में शामिल अन्य लोगों की पहचान और गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।

**सूचना**

हम, रामबक्स पुत्र श्री रामसुमेर व सुदेश पत्नी श्री रामबक्स निवासी मकान नंबर-456बी, वार्ड नंबर-25, किला मोहल्ला, बहादुरगढ़, जिला झज्जर बयान करते हैं कि हमारा पुत्र अनुभव व पुत्रवधु अनुपम हमारे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये हम इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करते हैं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। हमारी व हमारे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**कार्यालय नगर परिषद बहादुरगढ़**
**नोटिस आम जनता**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री मोहित शर्मा (पुत्र) व मानसी शर्मा (पुत्री) पुत्र/पुत्री स्व. गीता शर्मा पत्नी श्री सतीश कुमार शर्मा निवासी नेहरू पार्क बहादुरगढ़ द्वारा Online NDC Portal पर Property ID No 3B91HTY3 Ward No. 21 कॉलोनी नेहरू पार्क जो कि नगर परिषद बहादुरगढ़ में नाम का कॉलम रिक्त है में नाम दर्ज व वर्ग गज 242 से 242 वर्ग गज करवाने हेतु Online Application No. 0186791817 द्वारा अप्लाई किया है।

अतः आम व खास को इस नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उक्त सम्पति नंबर 3B91HTY3 Ward No. 21 कॉलोनी नेहरू पार्क पर यदि कोई अन्य हकदार है या उक्त सम्पति पर किसी को कोई आपति है तो वह सबूतो सहित इस नोटिस के प्रकाशन के 30 दिन के अंदर-अंदर नगर परिषद बहादुरगढ़ कार्यालय में आकर अपना दावा पेश करें। अन्यथा इस नोटिस का समय समाप्त होने पर यह सम्पति नंबर 3B91HTY3/242 वर्ग गज प्रार्थी श्री मोहित शर्मा (पुत्र) व मानसी शर्मा (पुत्री) पुत्र/पुत्री स्व. गीता शर्मा पत्नी श्री सतीश कुमार शर्मा के नाम से नगर परिषद बहादुरगढ़ के रिकार्ड में दर्ज कर दी जाएगी। जिसमें नगर परिषद बहादुरगढ़ की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

हस्ता/-कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद बहादुरगढ़।

**खबर संक्षेप**



## साइबर फ्रॉड के मामलों में तीन आरोपी गिरफ्तार

**झज्जर।** पुलिस की टीम द्वारा साइबर फ्रॉड के दो अलग अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। साइबर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सोमबीर ने बताया कि पुलिस को दी शिकायत में व्यक्ति ने बताया कि टेलीग्राम एप पर यूकोइन ट्रेडिंग का काम शुरू किया था। उसी दिन मेरी संदीप नाम के व्यक्ति से मैसेज से बातचीत शुरू हो गई जिसके कहने पर नेट बैंकिंग के जरिए उनके बताए गए खातों में तीन लाख से ज्यादा पैसे डाल दिए इसके बाद मुझे शक हुआ कि मेरे साथ साइबर फ्रॉड हुआ है। शिकायत के आधार पर कार्यवाई करते हुए दो आरोपियों को पकड़ा गया है। आरोपियों की पहचान सुफियान और शहबाज निवासी फतेहपुर जिला सीकर राजस्थान के तौर पर की गई है। वहीं एक अन्य मामले में शेयर बाजार में पैसे लगाकर ज्यादा मुनाफा कमाने का लालच देकर व्यक्ति के साथ लाखों रुपए की ठगी करने के मामले में आरोपी को पकड़ा गया है। आरोपी की पहचान विकास निवासी नीम की ढाणी झुंझुनू राजस्थान के तौर पर हुई है। आरोपियों के खिलाफ कार्यवाई करते हुए स्थानीय अदालत में पेश किया गया। जहां से आरोपियों को अदालत के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# दिनभर रुक रुककर होती रही बारिश कई दुपहिया वाहन पानी में हुए बंद

### बाजार में कामकाज रहा ठप्प, अग्रसेन चौक सहित कई स्थानों पर भरा पानी

- विशेषज्ञ आगामी दो तीन दिनों में बरसात होने का अनुमान लगा रहे है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

वीरवार अलसुबह से दिनभर कभी रूक-रूक कर हल्की और कभी तेज बारिश होती रही। जिसके कारण जन जीवन पूर्णतया प्रभावित रहा। लोगों को अपने रोजमर्रा के कार्य निपटाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। वहीं जलभराव के कारण भी वाहन चालकों और राहगीरों को काफी दिक्कत हुई। उधर, बरसात के कारण मौसम सुहाना हो गया, लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली। विशेषज्ञ आगामी दो तीन दिनों में बरसात होने का अनुमान लगा रहे है। वहीं बरसात के कारण किसानों के चेहरों पर खुशी छा गई। किसानों का कहना है कि फिलवक्त बारिश धान और बाजरा दोनों फसलों के लिए लाभदायक है। अगर बरसात तेज होती है तो बाजरे की फसल को नुकसान होगा। इसके अलावा सब्जियों की फसल के लिए बरसात नुकसानदायक है।

**बाजार का कामकाज रहा ठप्पः** दिनभर हुई बरसात के कारण बाजार का कारोबार पूर्णतया ठप्प रहा। बाजार में लोगों की आवाजहीं ना के बराबर ही रही। बाजार की सड़कें सुनसान दिखाई दी। दुकानदारों ने अपना अधिकांश समय मोबाइल देखकर ही बिताया।

**जलभराव से बनी परेशानीः** बरसात के कारण छारा चुंगी, माता गेट के नजदीक, भट्ठी गेट, पुराना बर्फखाना रोड, पुराना तलाव रोड, अग्रसेन चौक सहित कई स्थानों पर जलभराव हो गया। जिसके कारण लोगों का काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। कई दुपहिया वाहन पानी में ही बंद हो गए। इसके अलावा रिहायशी क्षेत्रों में हुए जलभराव के कारण लोग अपने घरों में ही दूबकने पर मजबूर हुए।





**झज्जर।** जलभराव के बीच स्कूटी पर छाता ओढ़ कर जाते हुए युवक और जलभराव के बीच गुजरते वाहन चालक। फोटो : हरिभूमि



**झज्जर।** शहर के भट्ठी गेट क्षेत्र में हुआ जलभराव। फोटो : हरिभूमि

## बरसात के कारण गिरी मकान की छत, बाल-बाल बचा परिवार



**झज्जर।** बुधवार की रात आई तेज बरसात में क्षेत्र के गांव सिवाना के एक मकान की छत गिर गई। गनीमत यह रहा कि छत गिरने के कारण कोई जन हानि नहीं हुई। पीड़ित परिवार के मुखिया नफे सिंह ने बताया कि वह बीती रात जब वह अपने परिवार के साथ सो रहा था तो छत से कड़ी टूटने की तेज आवाज से उसकी नींद खुल गई। उसने अपने परिवार के अन्य सदस्यों को जगाते हुए उन्हें कमरे से बाहर निकाला। कुछ ही क्षणों में मकान की छत का कुछ हिस्सा भरभरा कर नीचे गिर गया। नफे सिंह के अनुसार उसने गांव के लोगों से कर्ज लेकर दो-तीन साल पहले ही यह मकान बनाया था। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण उसने जिला प्रशासन से आर्थिक सहायता की गुहार लगाई है।

## अच्छेज में शहतीर टूटने से गिरी छत घरेलू सामान भी मलबे के नीचे दबा



**झज्जर।** बुधवार की रात आई तेज बरसात के कारण गांव अच्छेज में मकान की छत गिर गई। जयभगवान पुत्र हरी सिंह ने बताया कि वह दिहाड़ी मजदूरी का कार्य करता है। उसका पुत्र अनिल जहां साथ लगते मकान में रहता है वहीं वह तथा उसकी पत्नी गुड्डी देवी इस मकान में रहते थे। दो कमरों के इस मकान में जहां एक कमरे में पशुओं के लिए चारे का इंतजाम किया गया था वहीं दूसरे कमरे को वे रिहायशी तौर पर इस्तेमाल करते थे। जयभगवान के अनुसार वीरवार की सुबह करीब पांच बजे जब वे जाग रहे थे तो उन्हें अचानक तड़तड़ाहट की आवाज सुनाई दिए। ऐसे में वे तुरंत कमरे से बाहर निकल गए और मकान की पूरी की पूरी की छत धड़ाम की आवाज के साथ नीचे आ पड़ी। ऐसे में उनका घरेलू सामान भी मलबे के नीचे दब गया।

## दिनभर जारी रहा बारिश का दौर, कभी धीमी तो कभी तेज

- जगह जगह जलभराव से लोगों को हुई भारी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

बुधवार रात से लेकर वीरवार शाम तक रुक रुक कर कभी धीमी तो कभी तेज बरसात हुई। लोगों को उमसभरी गर्मी से राहत मिली। पिछले कई दिनों के मुकाबले वीरवार को इलाके में मौसम खुशनुमा रहा। हालांकि जगह जगह हुए जलभराव से लोगों को परेशानी भी हुई।

दरअसल, बीते दो-तीन दिनों से उमस काफी बढ़ी हुई थी। बुधवार की रात को बूंदाबांदी शुरू हो गई। रातभर रुक रुक कर बारिश होती रही। यह सिलसिला वीरवार को भी जारी रहा। दिनभर आसमान में बादल छाए रहे। सुबह से लेकर शाम तक बूंदाबांदी और बारिश का दौर जारी रहा। अन्य दिनों की अपेक्षा तापमान काफी कम रहा। लोगों को उमसभरी गर्मी से राहत मिली। वहीं बरसात के कारण शहर में जगह जगह जलभराव हो गया। बागवाला मोहल्ला, झज्जर रोड, सैनीपुरा विकास नगर, मांडोठी बाजार, छोटूराम नगर सहित कई जगहों पर सड़कों व गलियों में पानी भरा रहने से लोगों को परेशानी हुई। एमआईई के रास्तों पर हुए जलभराव से उद्यमियों और श्रमिकों को भी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। मौसम विभाग के अनुसार, आगामी कुछ दिनों तक बरसात की संभावना है।



**बहादुरगढ़।** एमआइई की एक सड़क पर भरा पानी।



**झज्जर।** शिविर के दौरान उपस्थित संस्कारम विश्वविद्यालय के विद्यार्थी एवं शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

## विधिक सहायता शिविर में लोगों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

संस्कारम् विश्वविद्यालय के विधि संकाय द्वारा वीरवार को फारुखनगर क्षेत्र में विधिक सहायता शिविर का आयोजन किया गया। हेल्पलाइन डेस्क के सहयोग से आयोजित इस शिविर में लोगों ने विविध प्रकार की कानूनी समस्याओं के समाधान के लिए टीम सदस्यों से परामर्श किया।

विधि संकाय टीम ने संपत्ति विवाद, पारिवारिक कलह, उत्तराधिकार, विवाह एवं तलाक से जुड़े मामले, महिलाओं और बच्चों के अधिकार, घरेलू हिंसा, वरिष्ठ नागरिकों के हित, उपभोक्ता संरक्षण कानून एवं सरकारी योजनाओं की विधिक प्रक्रिया जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। विश्वविद्यालय के प्राध्यापकों ने नागरिकों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनकर उन्हें सरल भाषा में समाधान की न्यायिक प्रक्रिया समझाई। विश्वविद्यालय के चांसलर डॉक्टर महिपाल ने कहा कि कानून का ज्ञान प्रत्येक नागरिक का मौलिक अधिकार है और इस अधिकार का प्रचार-प्रसार करना विश्वविद्यालयों का नैतिक दायित्व बनता है। विश्वविद्यालय का यह प्रयास केवल समाज को सशक्त बनाने की दिशा में नहीं है बल्किह विधि विद्यार्थियों के लिए भी व्यवहारिक प्रशिक्षण का सशक्त माध्यम है।

## कासनी गांव में जिला प्रशासन का रात्रि ठहराव कार्यक्रम आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



स्वप्निल रविंद्र पाटिल
उपायुक्त झज्जर

शुक्रवार को क्षेत्र के गांव कासनी में डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल की अध्यक्षता में जिला प्रशासन का रात्रि ठहराव कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

### सुनी जाएंगी समस्याएं

राजकीय उच्च विद्यालय में आयोजित होने वाले इस रात्रि ठहराव कार्यक्रम में डीसी ग्रामीणों से सीधा संवाद करेंगे, उनकी समस्याओं को सुनेंगे और मौके पर ही समाधान सुनिश्चित करेंगे। इस दौरान ग्रामीणों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के लिए विभागीय स्टॉल भी लगाए जाएंगे, साथ ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन होगा।


## बाल तस्करी रोकने के लिए कड़ी और समयबद्ध कानूनी कार्रवाई जरूरीः सुरिंदर सिंह मान




**बहादुरगढ़।** मानव दुर्व्यापार विरोधी दिवस पर एमडीडी ऑफ इंडिया द्वारा स्थानीय रेलवे स्टेशन परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान बाल संरक्षण और बाल अधिकारों के क्षेत्र से जुड़े हितधारकों ने एकजुट होकर बच्चों की ट्रैफिकिंग से निपटने के लिए समन्वित कार्रवाई की आवश्यकता पर बल दिया। एमडीडी के जिला समन्वयक मनोज कुमार ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण झज्जर के सचिव व मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी विशाल, रेलवे सुरक्षा बल, राजकीय रेलवे पुलिस, श्रम विभाग, बाल कल्याण समिति, स्वास्थ्य विभाग व अन्य प्रतिनिधियों ने कार्यक्रम में भाग लिया। सभी ने बच्चों के तस्करी करने वाले गिरोहों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय पर सहमति जताई। कार्यकारी अधिकारी सुरिंदर सिंह मान ने कहा कि बाल तस्करी रोकने के लिए कड़ी और समयबद्ध कानूनी कार्रवाई जरूरी है ताकि अपराधियों में कानून का भय पैदा हो। रेलवे सुरक्षा बल के रामबीर ने इसे जघन्य अपराध बताते हुए कहा कि अब संस्था के साथ मिलकर सघन निगरानी रखी जाएगी। स्टेशन अधीक्षक यशपाल ने बताया कि सभी कर्मचारी तस्करी विरोधी कानूनों के पालन हेतु सतर्क हैं। इस अवसर पर एमडी डी ऑफ इंडिया की पूनम, रेलवे स्टाफ संदीप, सुनील व अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## विश्व चैंपियनशिप के मैट पर कल उतरेगा अर्जुन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़



- बहादुरगढ़ के एक और प्रतिभाशाली पहलवान पर खेल प्रेमियों की नजर

वर्ल्ड रेसिलंग चैंपियनशिप में हरदीप द्वारा गोल्ड मेडल जीतने के बाद बहादुरगढ़ के एक और प्रतिभाशाली पहलवान पर खेल प्रेमियों की नजर है। बहादुरगढ़ के गांव रोहद का अर्जुन भी इस चैंपियनशिप में देश का प्रतिनिधित्व कर रहा है। शनिवार दो अगस्त को वह विश्व चैंपियनशिप के मैट पर अपनी कुश्ती का दम दिखाने उतरेगा। उससे भी गोल्ड मेडल की उम्मीदें हैं। दरअसल, ग्रीस के एथेंस शहर में आगामी 28 जुलाई से तीन अगस्त तक अंडर 17 वर्ल्ड कुश्ती चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है। इस चैंपियनशिप में बहादुरगढ़ के बामड़ोली गांव का हरदीप ग्रीको रोमन में गोल्ड जीतकर वर्ल्ड चैंपियन बन चुका है। हरदीप के साथ सोनू अखाड़े में प्रेक्टिस करने वाला अर्जुन रुहल भी इस चैंपियनशिप में भाग ले रहा है। अर्जुन 92 केजी फ्री स्टाइल में दमखम दिखाएगा। वह शनिवार को मैट पर खेलने उतरेगा। विदित रहे कि पिछले महीने वियतनाम में हुई एशियन चैंपियनशिप में भी अर्जुन ने देश को गोल्ड दिलाया था। अब एक बार फिर अर्जुन से मेडल की उम्मीदें हैं। कोच व परिजनों का मानना है कि अर्जुन विश्व चैंपियनशिप में देश के लिए मेडल जरूर जीतेगा।

## राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान से रिश्ते सुधरेंगे और मुकद्मेबाजी का बोझ घटेगा : सीजेएम



- अभियान का उद्देश्य लंबित मामलों को मध्यस्थता के माध्यम से सौहार्दपूर्ण तरीके से हल करना

**झज्जर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा देशभर में राष्ट्र के लिए मध्यस्थता अभियान की शुरुआत की गई है। इसी कड़ी में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा भी इस विशेष अभियान की शुरूआत की जा चुकी है। यह अभियान आगामी 30 सितंबर तक चलेगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम विशाल ने बताया कि राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान से रिश्ते सुधरेंगे और मुकद्मेबाजी का बोझ घटेगा। उन्होंने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य लंबित मामलों को मध्यस्थता के माध्यम से सौहार्दपूर्ण तरीके से हल करना है। उन्होंने कहा कि मध्यस्थता की प्रक्रिया से ना केवल समय और धन की बचत होती है, बल्कि पक्षकारों के बीच पारस्परिक संबंध भी बेहतर बने रहते हैं। उन्होंने बताया कि अभियान में जिला न्यायालयों से लेकर उच्च न्यायालय तक सभी न्यायिक स्तरों को शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि एक ऐसा वातावरण तैयार किया जाए। जहां जनता मध्यस्थता को एक भरोसेमंद विकल्प के रूप में स्वीकार करें। इससे न्यायिक व्यवस्था पर दबाव भी कम होगा और आमजन को राहत मिलेगी।



## इस्कॉन मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ

**बहादुरगढ़।** लाइनपार स्थित इस्कॉन मंदिर में वीरवार को श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में सिर पर कलश रखकर विभिन्न मार्गों से होते हुए मंदिर परिसर तक श्रद्धा और भक्ति के साथ यात्रा निकाली। इस दौरान वातावरण प्रभु के जयकारों से गूंज उठा और श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से ओतप्रोत होकर इस पावन यात्रा में भाग लिया। मंदिर पहुंचने के बाद विधिपूर्वक कलशों की स्थापना की गई। शाम के सत्र में रुकमिणी कृष्ण प्रभु ने अपनी मधुर वाणी से कथा वाचन कर श्रद्धालुओं को श्रीमद्भागवत कथा का रसपान कराया। उन्होंने भगवान की लीलाओं, ईश्वर की महिमा और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हुए श्रोताओं को सत्यमार्ग अपनाने का संदेश दिया। इस अवसर पर सुंदर गिरधारी प्रभु, मनोहरमुरारी प्रभु, मधुशंका प्रभु, राजेंद्र प्रभु और योगेंद्र पांडे प्रभु ने भी अपने विचार रखे व कथा की महत्ता पर प्रकाश डाला। यह कथा आयोजन दो अगस्त तक जारी रहेगा। इसके बाद तीन अगस्त को मंदिर परिसर में नौका विहार कार्यक्रम का आयोजन भी किया जाएगा।

## नागरिक मंच ने उधम सिंह को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़



नागरिक मंच की ओर से शहीद उधम सिंह की पुण्य तिथि पर शंकर गार्डन स्थित चंद्रशेखर आजाद चौक पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। विभिन्न कॉलोनियों से आए लोगों ने उधम सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर देशभक्ति नारे लगाए। शहीदों के विचारों को पाठ्यक्रम में शामिल करने की मांग उठाई। सभा में रामकिशन, जगबीर सिंह, हरीश और राजबीर ने उधम सिंह के जीवन संघर्ष पर प्रकाश डाला।

उन्होंने बताया कि जलियांवाला बाग नरसंहार ने उधम सिंह के भीतर ब्रिटिश साम्राज्यवाद के खिलाफ गहरी नफरत भर दी थी। उन्होंने सर माइकल ओ डायर की लंदन में गोली मारकर हत्या कर देश का प्रतिशोध लिया और 31 जुलाई 1940 को फांसी पर चढ़ गए। इस मौके पर अतर सिंह कौशिक, आजाद सिंह, सिद्धार्थ और कई महिलाएं भी मौजूद रहीं।

**हरिभूमि**
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

### गड्ढा मुक्त सड़कों की घोषणा सवालों के घेरे में

# सड़कों की बदहाल स्थिति ने पोल खोली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़



सतपाल हाड़ा

- दिल्ली-रोहतक रोड से रेलवे स्टेशन होते हुए विश्वकर्मा चौक तक सड़क की हालत बेहद खराब
- दोपहिया वाहन चालक आए दिन घायल हो रहे

मुख्यमंत्री द्वारा की गई 15 जून 2025 के बाद प्रदेश में एक भी सड़क पर गड्ढा न दिखने देने की घोषणा अब सवालों के घेरे में है। बहादुरगढ़ की प्रमुख सड़कों की बदहाल स्थिति ने इस दावे की पोल खोल दी है। शहर के निवासी सतपाल हाडा ने बताया कि 18 जून को सूचना अधिकार अधिनियम के तहत सात बिंदुओं पर जानकारी मांगी गई थी, जिसके जवाब 15 जुलाई को पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए हैं। आरटीआई में पूछा गया था कि मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा गड्ढे भरने के लिए कितनी धनराशि स्वीकृत की गई है। जवाब में विभाग ने बताया कि ऐसी कोई विशेष धनराशि स्वीकृत नहीं की गई।

साथ ही यह भी कहा गया कि विभाग 100 से अधिक सड़कों की देखभाल करता है और हर सड़क पर बने गड्ढों की गणना संभव नहीं है। दिल्ली-रोहतक रोड से रेलवे स्टेशन होते हुए विश्वकर्मा चौक तक सड़क की हालत बेहद खराब है, खासकर सिविल अस्पताल और पकोड़ा चौक पर हालात दयनीय हैं। दोपहिया वाहन चालक और ई-रिक्शा चालक आए दिन गड्ढों में गिरकर घायल हो रहे हैं, लेकिन विभाग का कहना है कि जेई इंचार्ज ने सड़क की वर्तमान स्थिति को संतोषजनक बताया है। सांखोल गांव के श्मशान घाट से विश्वकर्मा चौक तक और पुराने बराही रोड से पावर हाउस चौक तक बनी सड़कों की जानकारी भी मांगी गई थी। जवाब में विभाग ने बताया कि ये सड़कें उनके कार्यक्षेत्र में नहीं आतीं। विश्वकर्मा चौक का पुनरुत्थान कार्य नगर परिषद बहादुरगढ़ के अधीन आता है। उत्तरी बाईपास के बारे में भी जानकारी मांगी गई थी। जवाब में विभाग ने बताया कि अभी सिंचाई विभाग द्वारा रिटेनिंग वॉल का निर्माण नहीं हुआ है, इसलिए सड़क निर्माण कार्य शुरू नहीं किया जा सका। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि सड़कों की हालत जस की तस बनी हुई है। मुख्यमंत्री की घोषणा के बावजूद शहर की कई सड़कें गड्ढों से भरी हैं और आए दिन हादसे हो रहे हैं।

## गांव रेवाड़ी खेड़ा में कार की टक्कर से पत्नी की मौत और पति गंभीर

**बहादुरगढ़।** गांव रेवाड़ी खेड़ा में एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार दंपति को कार ने टक्कर मार दी। इस हादसे में गंभीर रूप से घायल महिला ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया, जबकि उसका पति अस्पताल में भर्ती है। मांडोठी चौकी पुलिस ने गाड़ी चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, गांव रेवाड़ी खेड़ा का निवासी बलवान अपनी पत्नी अनीता के साथ बाइक पर सवार होकर घर लौट रहा था। जब वे गांव के शहीदी पार्क के पास पहुंचे तो एक तेज गति से आई कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों को गंभीर चोटें आईं। परिजनों और राहगीरों की मदद से दोनों को रोहतक के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। लेकिन ईलाज के दौरान अनीता की मौत हो गई। हादसे की सूचना पाकर बुधवार को पुलिस भी अस्पताल पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए पीजीआई भिजवाया गया। मृतका के पति बलवान की शिकायत पर मांडोठी चौकी पुलिस ने कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है और आरोपी कार चालक की तलाश की जा रही है।